# यूपी में 10 लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश की तैयारी

**फिर होगी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी, प्रमुख औद्योगिक घरानों के मुखिया लेंगे हिस्सा**

## लखनऊ में ही होगा आयोजन, उच्चस्तर पर तैयारियां शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक बार फिर बड़ी छलांग लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत अगले सौ दिनों में एक भव्य ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लखनऊ में आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी प्रमुख औद्योगिक घरानों के मुखिया मौजूद रहेंगे। इस आयोजन के जरिये 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश लाने का प्रयास होगा।



योगी सरकार के पहले कार्यकाल में हुए इंवेस्टर्स समिट में 4.65 लाख करोड़ रुपये के 1045 एमओयू साइन हुए थे। इनमें से 215 निवेशकों ने 51,240.25 करोड़ रुपये का निवेश कर अपने उद्यम प्रदेश में स्थापित कर दिए हैं। जबकि 130 निवेशक 37,478.63 करोड़ रुपये का निवेश कर अपना उद्यम स्थापित कर रहे हैं। इसके अलावा 449 निवेशक 86,842.89 करोड़ का निवेश कर उद्यम स्थापित करने की कार्यवाही कर रहे हैं।

कोरोना संकट के दौरान भी राज्य में 96 निवेशकों ने 66000 करोड़ रुपये का निवेश यूपी में करने की पहल की। यहां के डिफेंस कॉरिडोर में 50 हजार करोड़ रुपये के होने वाले निवेश से पांच लाख लोगों के रोजगार पाने के अवसर पैदा हुए। इन स्थितियों में सौ दिनों में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाएगी। भाजपा के संकल्प पत्र में भी इस लक्ष्य को स्थान दिया गया है। इस बार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए उच्चस्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं।